"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 28] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 10 जुलाई 2009—आषाढ़ 19, शक 1931

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 जून 2009

क्रमांक ई-1-5/2009/1/2.— श्री एन. बैजेन्द्र कुमार, भा. प्र. से. (1985), को प्रमुख सचिव वेतनमान (वेतन बैंड-4: 37400-67000 एवं ग्रेड वेतन 12000) में पदोन्नत किया जाता है तथा उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री के पद पर पदस्थ किया जाता है. साथ ही उन्हें प्रमुख सचिव, जनसंपर्क, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा आयुक्त, जनसंपर्क का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

उन्हें प्रमुख सचिव वेतनमान का लाभ कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से देय होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. जॉय उम्मेन, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2009.

रायपुर, दिनांक 26 जून 2009

क्रमांक 772/635/2009/1-8/स्था.—श्री एन. के. भट्टर, रजिस्ट्रार एवं अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 30-06-2009 से 10-07-2009 तक 11 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. इनके अवकाश अवधि में श्री विजय कुमार सिंह, अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग अपने कार्य के साथ-साथ श्री भट्टर का कार्य भी संपादित करेंगे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री एन. के. भट्टर को रजिस्ट्रार एवं अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

4. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

5. प्रमाणित किया जाता है कि श्री एन. के. भट्टर अवकाश पर नहीं जाते तो रजिस्ट्रार एवं अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के प[illegible] कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
क्षेत्रसिंह, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 26 जून 2009

क्रमांक 770/651/2009/1-8/स्था.—श्री संजीव बक्शी, संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय को दिनांक 29-06-2009 से 08-07-2009 तक 10 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री संजीव बक्शी को संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री संजीव बक्शी अवकाश पर नहीं जाते तो संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 18 जून 2009

क्रमांक ई-7/21/2004/1/2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 07-05-2009 के द्वारा श्री अजय सिंह, भा. प्र. से., प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त, योजना एवं वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 01-06-2009 से 12-06-2009 तक (12 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अब श्री सिंह को दिनांक 01-06-2009 से 08-06-2009 तक (08 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 31-05-2009 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. शेष शर्तें यथावत् रहेंगी.

रायपुर, दिनांक 25 जून 2009

क्रमांक 1684/1143/2009/1/2.—श्री संजय गर्ग, भा. प्र. से., कलेक्टर जिला-रायपुर को दिनांक 24-06-2009 से 30-06-2009 तक (07 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री गर्ग आगामी आदेश तक कलेक्टर जिला-रायपुर के पद पर पनु: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री गर्ग को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री गर्ग, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री गर्ग के उक्त अवकाश अवधि में श्री अमित कटारिया, भा. प्र. से., आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ कलेक्टर जिला-रायपुर का कार्य सम्पादित करेंगे.

रायपुर, दिनांक 27 जून 2009

क्रमांक ई-7/40/2004/1/2.—डॉ. बी. एस. अनंत, भा. प्र. से., आयुक्त, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, रायपुर को दिनांक 25-05-2009 से 09-06-2009 तक (16 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 24-05-2009 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर डॉ. अनंत, आगामी आदेश तक आयुक्त, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, रायपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में डॉ. अनंत को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. अनंत अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 29 जून 2009

क्रमांक ई-7/1/2007/1/2.—श्री एस. प्रकाश, भा. प्र. से., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग को दिनांक 15-06-2009 से 23-06-2009 तक (09 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 13 एवं 14 जून, 2009 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री प्रकाश आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री प्रकाश को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रकाश अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 जून 2009

क्रमांक/एफ 1/12/दो गृह/भापुसे/2005.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ध्रुव गुप्ता, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गौरेला, बिलासपुर छ. ग. को अपने गृह नगर दिल्ली अवकाश पर जाने के लिए दिनांक 22-06-2009 से दिनांक 04-07-2009 तक कुल 13 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए दिनांक 20-21 जून 2009 एवं दिनांक 05 जुलाई 2009 के शासकीय विज्ञप्त अवकाश के लाभ की अनुमति प्रदान करता है.

2. श्री ध्रुव गुप्ता, भापुसे को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री ध्रुव गुप्ता, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गौरेला, बिलासपुर, छ. ग. के पद पर पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ध्रुव गुप्ता, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, छ. ग. अवकाश पर नहीं जाते तो कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. एल. लिखाटे, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 जून 2009

क्रमांक 4290/डी-1527/21-ब/छ. ग./09.—सती (निवारन) अधिनियम, 1987 (केन्द्रीय अधिनियम 1988 का सं. 3) की धारा 9 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के परामर्श से तथा इस विभाग के आदेश क्रमांक 1219/डी-457/21-ब/छ.ग./09, दिनांक 13-02-2009 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा श्री संदीप बख्शी, सत्र न्यायाधीश, रायपुर को तत्काल प्रभाव से रायपुर जिले में विशेष न्यायालय, सती (निवारण) अधिनियम, 1987 रायपुर का न्यायाधीश नियुक्त करती है.

No. 4290/D-1527/XXI-B/C.G./09.— In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 9 of the Commission of Sati (Prevention) Act, 1987 (Central Act No. 3 of 1988), in consultation with the Hon'ble High Court of Chhattisgarh and in supersession of this department's order No. 1219/D-457/XXI-B/C.G./09, dated 13-02-2009, the State Government hereby appoints Shri Sandeep Buxy, Sessions Judge, Raipur as Judge of the Special Court for the trial of offence under the Commission of Sati (Prevention) Act, 1987, with immediate effect.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. एस. शर्मा, मुख्य सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 जून 2009

क्रमांक 523/422/2009/13/1.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अनिल कुमार टुटेजा, निदेशक, संयुक्त उपक्रम कंपनी क्रेडा-एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड तथा आईओसीएल-क्रेडा बायोफ्यूल लिमिटेड का ऊर्जा विभाग से अन्यत्र स्थानान्तरण होने के फलस्वरूप उनके स्थान पर श्री देवासीष दास, विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग को संयुक्त उपक्रम कंपनी में निदेशक के पद पर नामित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. एस. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 जून 2009

क्रमांक एफ 1-6/2008/19/स्था-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा लोक निर्माण विभाग के (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम-2007 के नियम 6 (1) (ख) में सीमित प्रतियोगी परीक्षा से, कार्यभारित सेवा के कर्मचारियों द्वारा नियुक्ति का प्रावधान है.

विशेष उपबंध

उक्त नियम में :—

राज्य शासन एतद्द्वारा कार्यभारित स्थापना के डिप्लोमा/डिग्रीधारी स्थल सहायकों, अनुरेखक, सहायक मानचित्रकार, समयपाल, प्रयोगशाला सहायक, मेकेनिक, फिटर, इलेक्ट्रीशियन आदि तकनीकी पदों के कर्मचारियों को उप अभियंता के 05 प्रतिशत पदों पर सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति हेतु केवल एक बार के लिये स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एस. दीक्षित, उप-सचिव.

खेल एवं युवा कल्याण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2008

विषय : खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों/निर्णायकों को पुरस्कार नियम 2004 में संशोधन एवं परिवर्धन प्रस्ताव.

क्रमांक/एफ/10-3/2003/खे.यु.क./09.—खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समसंख्यक क्रमांक, दिनांक 19 सितम्बर 2003 को जारी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को पुरस्कार नियम 2004 में समसंख्यक क्रमांक से दिनांक 18 जुलाई 2006 एवं 6 अगस्त 2007 से संशोधन एवं परिवर्धन किया गया है. उक्त नियम समसंख्यक क्रमांक से निम्नानुसार संशोधन एवं परिवर्धन किया जाता है.

1. नियम 1 में उपनियम "1.5 शहीद पंकज विक्रम सम्मान" जोड़ा जाए.

2. नियम 4 में उपनियम 4.5 निम्नानुसार जोड़ा जाए.

4.5 शहीद पंकज विक्रम सम्मान—
राज्य के सीनियर वर्ग के खिलाड़ी जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया है, उन्हें खेल के क्षेत्र में राज्य को दी गई उत्कृष्ट खेल सेवा के लिए प्रोत्साहित करना ताकि वे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का गौरव बढ़ाए है तथा राज्य के अन्य खिलाड़ी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सके.

3. नियम 5 के उपनियम 5.1-स को निम्नांकित पढ़ा जाए.

5.1 (स) पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी अथवा दल अथवा दल के सदस्य को राशि दो लाख, पच्चीस हजार नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जाएगा.

4. नियम 5 के उपनियम 5.2 (स) को निम्नांकित पढ़ा जाए.

5.2 (स) पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी अथवा दल अथवा दल के सदस्य को राशि एक लाख, नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जाएगा.

5. नियम 5 के उपनियम 5.2 के नीचे उल्लेखित टिप्पणी के आगे निम्नांकित पढ़ा जाए.

दलीय खेल के मामले में पुरस्कार का निर्णय करते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाला उसी खेल विधा का कोई खिलाड़ी पुरस्कार प्राप्ति से वंचित न हो.

स्पष्टीकरण :—

अ. यदि एक दल को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त हुआ हो तथा पदक प्राप्त दल के ही एक या एक से अधिक खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया हो, तो पुरस्कार का निर्णय करते समय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक के आधार पर दल के सभी खिलाड़ियों को (जिसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिए हुए खिलाड़ी भी सम्मिलित हैं) पुरस्कार देने हेतु विचार किया जाएगा.

ब. यदि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक के आधार पर निर्णय लेने के कारण यदि पुरस्कार चयन में किसी दलीय खेल का प्रावीण्य क्रम, पुरस्कार की निर्धारित संख्या (पांच) के बाद आता है, तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के आधार पर निर्णय लेने के कारण चयन में उसका प्रावीण्य क्रम पुरस्कार की निर्धारित संख्या (पांच) के अंदर आता है तो ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के आधार पर पुरस्कार का निर्णय किया जाएगा.

स. यदि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक के आधार पर किसी दलीय खेल में पूरे दल को पुरस्कार दिया जा सकता हो, तथा उस खेल में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो पदक जीतने वाले दल के सदस्य नहीं रहे हो, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के कारण पुरस्कार प्राप्त करने की पात्रता प्राप्त की हो, तो ऐसे स्थिति में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जितने वाले दल के सदस्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिए हुए खिलाड़ियों को सम्मिलित कर एक दल के रूप में इन्हें पुरस्कार देने हेतु इनके नाम पर विचार किया जाएगा.

द. दलीय खेल के लिए यदि किसी दल को किसी पुरस्कार के लिए अंतिम रूप से चयन कर लिया गया हो तथा उस दल के कुछ खिलाड़ियों को पहले वही पुरस्कार मिल चुका हो तो इस स्थिति में पुरस्कार की राशि दल की कुल सदस्य संख्या से विभाजित कर प्रत्येक खिलाड़ी के लिए निर्धारित की जाएगी तथा सिर्फ उन खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी, जिन्हें पहले पुरस्कार नहीं मिला है.

यह माना जाएगा कि जिन खिलाड़ियों को पहले पुरस्कार मिल चुका है, उन्हें पुरस्कार राशि तथा अलंकरण की अन्य वस्तुएं पुरस्कार के साथ पूर्व में प्रदान की जा चुकी है तथा इन खिलाड़ियों के नाम भी पुरस्कार प्राप्त दल के सदस्यों के रूप में घोषित नहीं किए जाएंगे.

6. नियम 5 के उपनियम 5.4 अ को संशोधित कर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए.

(अ) प्रत्येक वर्ष पात्रता रखने वाले पांच खेल विभूतियों को प्रदान किया जाएगा.

7. नियम 5 में उपनियम 5.7 निम्नानुसार जोड़ा जाए.

5.7 शहीद पंकज विक्रम सम्मान—

(अ) विचाराधीन पुरस्कार वर्ष में जिन खेलों के खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार या शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है, उन खेलों को छोड़कर पुरस्कार के लिए विचार क्षेत्र में आने वाले अन्य खेलों में पात्रता रखने पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.

(ब) पुरस्कार के लिए विचार क्षेत्र में उन खेलों को सम्मिलित किया जाएगा जिनके राज्य स्तरीय संघ ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त की है.

(स) एक वर्ष में एक खेल में एक पुरस्कार दिए जाएंगे जिसमें से एक सीनियर वर्ग पुरुष या एक सीनियर वर्ग महिला के लिए होगा.

(द) पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी को राशि रुपए पच्चीस हजार, मानपत्र, फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जाएगा.

(इ) उपनियम 5.5 एवं 5.6 में उल्लेखित सुविधाएं सम्मानग्राहियों को प्राप्त होगी.

8. नियम 6 में उपनियम 6.4 द को निम्नानुसार पढ़ा जाए.

द. उसे खेल के क्षेत्र में पूर्व में विभाग द्वारा गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव सम्मान, शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अंलकृत नहीं किया गया हो.

9. नियम 6 में उपनियम 6.6 में निम्नानुसार जोड़ा जाए.

6.6 शहीद पंकज विक्रम सम्मान—

(अ) इस सम्मान हेतु उस खिलाड़ी के नाम पर विचार किया जाएगा, जिसके नाम की अनुशंसा खिलाड़ी के खेल से संबंधित राज्य खेल संघ द्वारा इस सम्मान के लिए की गई हो. इस सम्मान के लिए खिलाड़ियों से, पृथक से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

(ब) राज्य खेल संघ इस सम्मान हेतु उस खिलाड़ी के नाम की अनुशंसा करेंगे जो उनकी दृष्टि में राज्य का सीनियर वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है तथा जिसे पूर्व में गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान तथा इन पुरस्कार नियमों में उल्लेखित कोई अन्य पुरस्कार नहीं मिला है ऐसे खिलाड़ी जिन्हें पूर्व में उपरोक्त पुरस्कार मिल चुके हों उन्हें शहीद पंकज विक्रम सम्मान प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी.

(स) राज्य खेल संघ ऐसे खिलाड़ियों के नाम की अनुशंसा कर सकेंगे, जो इन पुरस्कार नियमों में उल्लेखित शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार के लिए पात्रता की शर्तों को पूर्ण करते हों या जिस खिलाड़ी ने पुरस्कार वर्ष को सम्मिलित करते हुए विगत पांच वर्षों में लगातार सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लिया हो.

टिप्पणी — ऐसे खेल जिसमें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के नाम से आयोजन का प्रावधान नहीं है उन खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के समकक्ष प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी की अनुशंसा की जा सकेगी.

(द) खिलाड़ी के नाम के अनुशंसा पत्र में हस्ताक्षर करने हेतु खेल संघ के वे पदाधिकारी अधिकृत होंगे जिनके नाम पंजीयक फर्म एवं सोसाइटी द्वारा अभिप्रमाणित किए गए हो. इस हेतु फर्म हेतु सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 27 की तहत पंजीयक को विगत वर्ष या वर्तमान वर्ष में प्रस्तुत जानकारी की अभिप्रमाणित प्रति राज्य संघ को प्रस्तुत करनी होगी.

(इ) इस सम्मान हेतु खिलाड़ियों के नाम पर विचार करते समय निर्धारित पात्रता की शर्तों को राज्य खेल संघ द्वारा शिथिल नहीं किया जा सकेगा यदि राज्य खेल संघ द्वारा पात्रता की शर्तों को शिथिल कर अनुशंसा प्रेषित की गई हो तथा इसी कारण संबंधित खेल का खिलाड़ी यदि पुरस्कार से वंचित होता है तो इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित राज्य खेल संघ का होगा.

(फ) राज्य खेल संघ इस सम्मान हेतु पुरुष वर्ग के लिए अधिकतम दो तथा महिला वर्ग के लिए अधिकतम दो इस प्रकार सिर्फ अधिकतम चार अनुशंसाएं ही प्रेषित कर सकेंगे राज्य खेल संघ से निर्धारित संख्या से अधिक संख्या में अनुशंसा प्राप्त होने पर उस वर्ग की सभी अनुशंसाओं पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित राज्य खेल संघ पर होगा.

(ज) राज्य खेल संघ खिलाड़ियों के नामों की अनुशंसा करने के लिए चयन हेतु एक समिति का गठन करेंगे जिसमें कम से कम तीन सदस्य होंगे समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर राज्य खेल संघ अनुशंसा अग्रेषित करेंगे.

(ह) पुरस्कार हेतु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार राज्य शासन द्वारा गठित राज्य स्तरीय पुरस्कार निर्णयन समिति को होगा.

10. परिशिष्ट-अ, ब, स एवं द संशोधित कर पृथक से संलग्न है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमृता बेक, उप-सचिव.

परिशिष्ट-अ

क्रमांक .... दिनांक ....

प्रति,

संचालक
खेल एवं युवा कल्याण
छत्तीसगढ़, रायपुर.

विषय : खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को पुरस्कार हेतु अनुशंसा.

महोदय,

खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों हेतु शासन द्वारा घोषित शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु अनुशंसाएं प्रस्तुत हैं.

(1) खेल का नाम ....

(2) पुरस्कार एवं सम्मान

(अ) शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार हेतु अनुशंसाएं वरीयता क्रम में

नाम एवं पूर्ण पता 1. ....
....

2. ....
....

3. ....
....

(ब) शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु अनुशंसाएं वरीयता क्रम में

नाम एवं पूर्ण पता 1. ....

2. ....

3. ....

(स) वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु अनुशंसाएं प्रशिक्षक के लिए

नाम एवं पूर्ण पता 1. ....

निर्णायक के लिए नाम एवं पूर्ण पता 1. ....

(द) शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु अनुशंसा

1. पुरुष वर्ग के लिए खिलाड़ी का नाम एवं पूर्ण पता
   1. ....
   2. ....
   3. ....

2. महिला वर्ग के लिए खिलाड़ी का नाम एवं पूर्ण पता
   1. ....
   2. ....
   3. ....

(5) निम्नांकित पृथक से संलग्न करें.

(अ) खिलाड़ियों के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र प्रमाण-पत्रों सहित [आवेदन पत्र का प्रारुप नियम के परिशिष्ट (ब) एवं (स) में देखें].

(ब) प्रशिक्षकों/निर्णायकों के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र प्रमाण-पत्रों सहित [आवेदन पत्र का प्रारुप नियम के परिशिष्ट (द) में देखें].

घोषणा-पत्र

हम घोषणा करते हैं कि :—

(1) इस अनुशंसा पत्र में संलग्न प्रस्तुत खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं निर्णायक के पंजीयन ज्ञापन की जानकारियां सत्यापित कर दी गई हैं तथा सत्य हैं.

(2) खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक को आज दिनांक तक संबंधित राष्ट्रीय प्रतियोगिता से निष्कासित नहीं किया गया है.

(3) जिनके नाम की अनुशंसा की गई है, उन्हें उपरोक्त पुरस्कार पूर्व में प्राप्त नहीं हुआ है.

(4) जिन खिलाड़ियों/प्रशिक्षक/निर्णायक के नाम की अनुशंसा की गई है उन्होंने इस पुरस्कार हेतु निर्धारित नियमों का अध्ययन कर लिया है एवं इन सब नियमों को स्वीकार कर लिया है.

(5) उपरोक्त विवरण पूर्णत: सत्य एवं प्रमाणित है. उपरोक्त जानकारी असत्य पाए जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाए तथा असत्य जानकारी देने के लिए मैं/हम विधि के अनुसार उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी/रहेंगे.

हस्ताक्षर

सचिव,

राज्य खेल संघ पद मुद्रा

परिशिष्ट-ब

क्रमांक .... दिनांक ....

प्रति,

संचालक
खेल एवं युवा कल्याण
छत्तीसगढ़, रायपुर.

विषय : शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार एवं शहीद पंकज विक्रम सम्मान के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन ज्ञापन.

(1) खेल का नाम ....

(2) पुरस्कार/सम्मान का नाम जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है. ....

(3) खिलाड़ी का नाम ....

स्व अभिप्रमाणित फोटोग्राफ

(4) पिता/पति का नाम ....

(5) पूर्ण डाक पता, दूरभाष क्र. ....
....
....

(6) जन्मतिथि - अंकों में तिथि .... माह .... वर्ष ....
शब्दों में ....
(कक्षा आठवीं या दसवीं बोर्ड की अंकसूची संलग्न करें)

(7) शैक्षणिक योग्यता
(अ) अधिकतम शैक्षणिक योग्यता ....
(ब) कक्षा पहली में प्रवेश लेने का वर्ष एवं विद्यालय का नाम/पता ....
(स) कक्षा पांचवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं विद्यालय का नाम/ पता. ....
(द) कक्षा आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं विद्यालय का नाम/ पता. ....
(इ) कक्षा दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं विद्यालय का नाम/ पता. ....

नोट - उपरोक्त कण्डिका (ब) से (इ) तक की जानकारी शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए पंजीयन से संबंधित है. यदि शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु खिलाड़ी द्वारा सब जूनियर, जूनियर या यूथ वर्ग की उपलब्धियां भी उल्लेखित की जा रही हो तो शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु भी उपरोक्त जानकारी दी जाए अन्यथा मात्र शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु उक्त कण्डिका में जानकारी प्रस्तुत करें. शहीद पंकज विक्रम सम्मान के लिए कण्डिका (ब) से (इ) की जानकारी की आवश्यकता नहीं है.

(8) खिलाड़ी/खिलाड़ियों के पालक (पिता/माता) यदि शासकीय/अर्द्धशासकीय/सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारी हों तो जानकारी दें—

कार्यालय का नाम पता ....

पद ....

खिलाड़ी से संबंध ....

(9) पुरस्कार वर्ष ....
(जिस वर्ष के पुरस्कार के लिए पंजीयन कराया जा रहा हो).

(10) पुरस्कार वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य का राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेल में प्रतिनिधित्व का विवरण.

प्रतियोगिता का नाम ....
आयोजन तिथि ....
आयोजन स्थल ....
वर्ग सीनियर/जूनियर
प्रतियोगिता में प्राप्त स्थान ....

(11) पुरस्कार वर्ग को सम्मिलित करते हुए विगत पांच वर्षों/तीन वर्ष की राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेल उपलब्धियों का विवरण

क्र.	वर्ष	प्रतियोगिता का नाम	आयोजन तिथि एवं स्थान	प्राप्त स्थान
1	2	3	4	5
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				

नोट -1. कालम 2 वर्ष में वित्तीय वर्ष का उल्लेख करें (जैसा 2004-05).
2. मात्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों का ही उल्लेख करें.
3. शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु अधिकतम पांच वर्ष एवं शहीद कौशल यादव, पुरस्कार हेतु अधिकतम तीन वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करें.
4. शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु पांच वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करें.

(12) छत्तीसगढ़ में विगत पांच वर्षों से निवास का स्थान एवं अवधि

क्र.	वर्ष	निवास स्थान एवं पूर्ण पता	अवधि
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			

(13) किसी अन्य राज्य या स्रोत से खेल पुरस्कार मिला हो तो उसकी जानकारी ....

(14) निम्नांकित पृथक से संलग्न करें
(अ) जन्मतिथि सत्यापन हेतु आठवीं/दसवीं की अंकसूची.

(ब) खेल उपलब्धियों का विवरण एवं उससे संबंधित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति.

खिलाड़ी का घोषणा पत्र

(1) यह कि मैंने इस पुरस्कार हेतु निर्धारित नियमों का अध्ययन कर लिया है एवं सभी नियमों को स्वीकार कर लिया है. यदि मुझे यह पुरस्कार प्राप्त होता है तो इसे मैं सहर्ष स्वीकार करूंगा/करूंगी.

(2) यहं कि उपरोक्त विवरण पूर्णत: सत्य एवं प्रमाणित है. प्रस्तुत जानकारी असत्य पाए जाने की स्थिति में यह पंजीयन ज्ञापन निरस्त कर दिया जाए तथा असत्य जानकारी देने के लिए मैं विधि के अनुसार उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी.

हस्ताक्षर
खिलाड़ी का पूरा नाम ....
पूर्ण पता/दूरभाष क्रमांक ....
....
राज्य खेल संघ के सचिव द्वारा अभिप्रमाणित

सचिव,
राज्य खेल संघ पद मुद्रा

शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु राज्य संघ का घोषणा पत्र

(1) यह कि इस सम्मान के लिए निर्धारित नियमों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी नियमों को स्वीकार कर लिया गया है.

(2) जिन खिलाड़ियों के नामों की अनुशंसा की गई है वे इस सम्मान के नियमों के अंतर्गत पुरस्कार वर्ष के लिए सीनियर वर्ग में राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं. इनके नाम प्रावीण्यक्रम में हैं.

(3) खिलाड़ी के नामों की अनुशंसा करने के लिए समिति का गठन किया गया है तथा समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर राज्य संघ द्वारा अनुशंसा प्रेषित की गई है.

(4) खिलाड़ी के नामों की अनुशंसा करने हेतु अधोहस्ताक्षरी अधिकृत है तथा राज्य संघ के जिस पदमुद्रा का उपयोग किया गया है उस पद पर कार्यरत होने के संबंध में पंजीयक फर्म एवं सोसाइटी को धारा 27 के तहत विगत वर्ष/वर्तमान वर्ष में जानकारी प्रस्तुत की गई है तथा पंजीयक से अभिप्रमाणित जानकारी इस अनुशंसा पत्र के साथ संलग्न है.

(5) समिति के गठन की अधिसूचना एवं समिति की अनुशंसा संलग्न है.

नाम ....
पूर्ण पता ....
पद- सचिव
पदमुद्रा- राज्य खेल संघ

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

कोरबा, दिनांक 25 जून 2009

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 25/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध, उक्त भूमि के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके सम्बन्ध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कोरबा	जामबहार	2.97	अति. अधीक्षण यंत्री (सि.) छ.रा.वि.मं., कोरबा पूर्व.	हवाई पट्टी विस्तार हेतु

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, कोरबा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक अग्रवाल, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

सरगुजा, दिनांक 22 जून 2009

क्रमांक/140/भू-अर्जन/वाचक/2009.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध, उक्त भूमि के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके सम्बन्ध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	राजपुर	बादा प. ह. नं. 11	0.339	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज, सरगुजा.	गागर व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, जल संसाधन, सरगुजा एवं कोरिया, मुख्यालय अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

सरगुजा, दिनांक 22 जून 2009

क्रमांक/144/भू-अर्जन/वाचक/2009.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध, उक्त भूमि के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके सम्बन्ध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सरगुजा	राजपुर	बरियो प. ह. नं. 11	0.446	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज, सरगुजा.	गागर व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, जल संसाधन, सरगुजा एवं कोरिया, मुख्यालय अम्बिकापुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमल प्रीत सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 29 मई 2009

क्रमांक 1/अ-82/08-09.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	रतनपुर	बिरगहनी	1.268	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	पूरक माइनर नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कोटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 29 मई 2009

क्रमांक 2/अ-82/08-09.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	रतनपुर	रतनपुर	0.142	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	माइनर नहर निर्माण क्रमांक 4 के लिए.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कोटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 29 मई 2009

क्रमांक 3/अ-82/08-09.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

